



एक नजर में



## छात्राओं को दिया ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण

**भैरुंदा.** स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनमें व्यावसायिक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया. प्राचार्य डॉ. चंद्रलेखा सांखला ने कहा वर्तमान समय में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है. विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्यावसायिक कौशल कार्यक्रम आवश्यक हैं. यह कोर्स छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा. ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण सुश्री सोनिया ठाकुर द्वारा दिया गया. अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए. इस मौके पर प्राध्यापक सुश्री दिव्यानी छोकर, डॉ. दीप्ति चौरसिया, प्रिया अग्निहोत्री आदि उपस्थित थे.



## समारोह आयोजित कर दी वरिष्ठ विद्यार्थियों को विदाई

**बुधनी.** नगर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में वरिष्ठ विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक नीलकमल सरकार, प्राचार्य नीलिमा सरकार एवं शिक्षकगण द्वारा किया गया. इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, अभिनय एवं रोचक क्विज प्रतियोगिताओं की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल संकेत द्विवेदी एवं मिस फेयरवेल साधना कठोरिया सहित विभिन्न खिताबों से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की सराहना की.



## अनुष्का ने गोल्ड व गिरिराज ने जीता कांस्य पदक

**सीहोर.** राजधानी में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता में शहर के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में 80 किग्रा वजन में अनुष्का परमार ने गोल्ड मेडल एवं बालक वर्ग में 50 किग्रा वजन में गिरिराज वर्मा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया. इनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर बालागुरु के, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, अन्नू चौहान, राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य अलोक शर्मा, अताउल्लाह खान, अंकित गुप्ता, आनन्द पंसोरिया, खेल अधिकारी रूबिका दीवान, रेखा कुशवाह, फुटबाल संघ के मनोज कन्नोजिया एवं सभी दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी.



## एडीएम ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

**सीहोर.** एडीएम वृंदावन सिंह ने इछावर एवं भैरूंदा तहसील कार्यालय में मतदाता सूची के एसआईआर के कार्यों का निरीक्षण किया और अभी तक की कार्य प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की जानकारी ली. सभी सहायक एईआरओ, बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जाए. भैरूंदा तहसील के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह और इछावर तहसील के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा उपस्थित थे.



## न्यायाधीश ने बंदियों की समस्याएं सुन किया निराकरण

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह ने जिला जेल का निरीक्षण किया. इस अवसर पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया. उन्होंने सजायाफ्ता बंदियों के अभिलेखों का अवलोकन किया और इस संबंध में जानकारी ली. उन्होंने बंदियों की सजा अवधि की भी समीक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि सजा पूर्ण होने के बाद कोई भी बंदी जेल में बंद न रहे. उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया व पाकशाला, डिस्पेंसरी, महिला एवं अन्य बैरकों का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल उपस्थित थे.

# तेंदुआ गांवों में, जिम्मेदार वन अमला नींद में

## बीती रात ग्राम जमोनिया तालाब के एक खेत पर बंधी बछिया का हिंसक जानवर ने किया शिकार



**सीहोर.** ग्राम जमोनिया तालाब में बछिया का हिंसक जानवर ने किया शिकार, ग्रामीणों को सावधान रहने की मुनादी करता चौकीदार.

### अब भी जवाबदेही से बच रहा वन विभाग

अगर तेंदुआ किसी बच्चे या किसान पर हमला करता है, तो जवाब कौन देगा? क्या तब भी वन विभाग इसे सूचना के अभाव का बहाना बताएगा? ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है. लोगों का कहना है कि यदि अब भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई और जनहानि हुई, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सीधे तौर पर वन विभाग की संवेदनहीनता और निकम्मेपन पर होगी. हिंसक जानवरों की गांवों में मौजूदगी को वन विभाग कितनी संजीदगी से ले रहा है. इसका अंदाजा इसी से लगता है कि जब किसान कैलाश मीणा इस घटना की जानकारी देने वन विभाग के कार्यालय पहुंचा तो वहां कोई जिम्मेदार नहीं मिला. मजबूरन उसे शाम को गांव लौटना पड़ा. हालांकि दिन में पशु चिकित्सक के अलावा वन विभाग के नाकेदार पहुंचे थे, लेकिन वन परिक्षेत्राधिकारी सीएस भिलाला वहां नहीं पहुंचे. इतना ही नहीं उनका सरकारी मोबाइल नंबर बंद आ रहा है. ग्रामीणों की मांग है कि हिंसक जानवर को पकड़ने के लिए तुरंत पिंजरा लगे, रेस्क्यू टीम तैनात हो और लापरवाह अफसरों की जवाबदेही तय की जाए, वरना जनता सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी.

- एक माह से कई गांवों में बना है दहशत का आलम
- गुरुवार रात को हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भी रही थी दहशत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 जनवरी. गांव में हिंसक जानवर की मौजूदगी के चलते दहशत के साए में रहने को मजबूर ग्रामीणों की कड़ी में समीपस्थ ग्राम जमोनिया तालाब के ग्रामीण भी शामिल हो गए. बीती रात किसान के खेत पर बंधे जानवरों में से एक बछिया को हिंसक पशु ने अपना शिकार बना लिया. जिम्मेदारों ने गांव में कोटवार से मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहते हुए कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है.**

जिले के ग्रामीण इलाकों में बीते एक माह से तेंदुआ खुलेआम घूम रहा है, लेकिन वन विभाग की आंखों पर ऐसी पट्टी बंधी है कि उसे न दहशत दिख रही है, न खतरा और न ही आम लोगों की जान की कीमत. नतीजतन बीती रात जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर स्थित जमोनिया तालाब गांव में तेंदुए ने किसान कैलाश मीणा आ. बटनलाल मीणा के खेत पर बंधी बछिया को अपना शिकार बना लिया. यह सिर्फ एक बछिया का शिकार नहीं है, बल्कि यह वन विभाग के जिम्मेदारों की घोर लापरवाही पर लगा खून से सना ठप्पा है.

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से विभिन्न ग्रामों के ग्रामीण लगातार तेंदुए की मौजूदगी की सूचना दे रहे हैं. खेत, पगडंडियां, नाले और गांव की सरहद—हर जगह उसके पैरों के निशान मिले हैं. इसके बावजूद न पिंजरा लगाया गया, न रेस्क्यू टीम पहुंची और न ही रात की गश्त बढ़ाई गई. लगता है वन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है. हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि प्रशासन के बजाय गांव के चौकीदार को मुनादी कर लोगों को बचाव की सलाह देनी पड़ी. बच्चों को घरों में कैद किया जा रहा है, किसान रात में खेतों पर जाने से डर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर आराम से दफ्तरों में बैठे हैं. गुरुवार की रात को शहर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लोगों ने भी हिंसक जानवर देखने की बात कही थी. उन्होंने वन विभाग के अमले को सूचना दी. वन अमला आया भी और जानवर को खदेड़ने की मंशा से पटाखे भी चलाए. इसके बाद लोगों को सावधान रहने की नसीहत देकर चलते बने. इसके बाद से वन विभाग का कोई अधिकारी कालोनी नहीं पहुंचा. यह इलाका आबादी से सटा है, जहां हर वक्त आवाजाही रहती है. ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी किसी बड़े खतरे से कम नहीं. चेतावनी के बावजूद चुप्पी साधे बैठा वन विभाग खुद यह साबित कर रहा है कि उसे न वन्यजीव की परवाह है, न शहरी व ग्रामीणों की जान की.

## उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई व जुर्माना



**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण कम होने, प्रतीक्षारत परिवारों की ईकेवाइसी नहीं करने एवं नियमित रूप से दुकानें नहीं खोलने पर खाद्य विभाग द्वारा आष्टा एवं बुधनी अनुभाग की अनेक उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई की गई है. मामले की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आष्टा अनुभाग के सिद्दीकगंज, कोटियानाला, सेमलीबारी, कांकरियाखेरी स्थित राशन दुकानों पर 3 3 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है. इसी प्रकार कोटियानाला एवं कन्नोदमिर्जा की राशन दुकान विक्रेताओं को जनवरी में वितरण प्रतिशत कम होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया. इसके अलावा बुधनी अनुभाग की रतनपुर, कुसुमखेड़ा, नानभेंट, जोनतला, बकतरा, कोसमी एवं रेहटी के राशन दुकान विक्रेताओं के विरूद्ध वितरण कार्य में लापरवाही करने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत् प्रकरण दर्ज किए गए हैं.

## विधायक राय ने किया कैलेंडर का विमोचन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 जनवरी.** लिपिक वर्गीय कर्मचारी संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया. इस अवसर पर श्री राय द्वारा कर्मचारी संगठन को शुभकामनाएं दी गई एवं संगठन के हित में सहयोग देने का आश्वासन दिया गया.



इस अवसर पर संगठन संरक्षक जेबी सिंह, जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत, अंशुल शर्मा, अरूण ठाकुर, अंकुर शर्मा, अक्षय जैन, दिलीप सिंह राठौड़, अजय मालवीय, आदर्श शास्त्री, सुंदरलाल राठौर, विशाल कौशल, विशाल शर्मा, अर्चना राठौर, मनोज गुप्ता, सुमित गिरोंदिया, मुकेश शर्मा, अरविंद साहू, सूरज धामेजा, अनिमेष वाथव सूरज त्रिपाठी, सुमित मालवीय, प्रवेश वर्मा, मिथिलेश उईके, मनीष दायमा, राजेश खन्ना, अखिल शर्मा, नीरज खरे, अमन उपाध्याय, संतराम जाटव, रवि विश्वकर्मा, प्रीति बिलबार, पूजा गुप्ता, विशाल शर्मा, राजेन्द्र परमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, सुनील मंडलोई, घनश्याम मरावी, अनुराग चौहान, मनीष करगाईया, सुमित राठौर, मंसूर अली, नीरज खरे, विजय उइके, अरविंद साहू, रोहित सोनी, अभिजीत सिंह ठाकुर, राहुल मालवीय, सुनील गिरोठिया, मयंक राठौर, राजेश खन्ना, चेतन विश्वकर्मा, सिंद्धांत राठौर, राजेन्द्र झलावा, सुदीप तोमर आदि कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव : वर्मा

- राजस्व मंत्री वर्मा ने किया स्कूल भवन का लोकार्पण
- निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी किया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 जनवरी.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने ग्राम उलझावन में 01 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण किया.

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव होती है और सरकार का निरंतर प्रयास है, कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को शहरों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. उन्होंने कहा कि उलझावन में शासकीय हाई स्कूल के इस नवीन भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह सशक्त रूप से अपने और क्षेत्र के उज्जवल भविष्य कर निर्माण करेंगे. राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं. जिसके अंतर्गत नए विद्यालय भवनों का निर्माण, कक्षाओं का आधुनिकीकरण, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना



और उन्हें संस्कारवान, आत्मनिर्भर तथा देश का जिम्मेदार नागरिक बनाना है. इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान को अपने जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें. उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी बोध कराएं. इसके अलावा अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताई. इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया.

## जब धर्म की हानि होती भगवान लेते अवतार : पुरोहित

- चमत्कारेश्वर मंदिर में जारी है श्रीमद् भागवत कथा
- शनिवार को मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 जनवरी.** संसार में पुण्य कार्य करने चाहिए. पुरुषार्थ प्राप्त करने भगवान की आराधना करनी चाहिए. इससे भक्ति में वृद्धि होती है. भागवत अज्ञान से ज्ञान और सत्य की ओर ले जाने वाली है. संसार के प्राणी अनेक चीजों से पीड़ित है, उसका एक ही समाधान है कथा का श्रवण करना.



उक्त विचार चमत्कालेश्वर महादेव समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन जगदगुरु पं. अजय पुरोहित ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों के बारे में बताया.

उन्होंने परिक्षित और सुखदेव के बारे में बताते हुए कहा कि कलयुग आगमन के समय पांडव के वंशज परीक्षित को सुखदेव ने भागवत सुनाई थी. इसके बाद ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई. यहां से मोक्ष की प्राप्ति के लिए भागवत सुनाने का प्रचलन शुरू हुआ. उन्होंने कहा कि जब धर्म की हानि होती है तो ईश्वर अवतार लेकर पृथ्वी को पापियों से मुक्त कराते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं.

जगद्गुरु ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा. कई संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था. भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं. भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए. भगवान श्रीकृष्ण गोकुल में नित्य ही माखन चोरी लीला करते हैं. मां यशोदा के बार-बार समझाने पर भी श्रीकृष्ण नहीं मानते हैं तो मां यशोदा ने भगवान को रस्सी से बांधना चाहा पर भगवान को कौन बांध सकता है.

## थोक व्यापारी वसूल रहे प्रिंट से अधिक दाम

- सिगरेट एवं पान मसाले प्रिंट रेट से अधिक दामों पर
- फुटकर विक्रेताओं में भी खासा असंतोष

नवभारत न्यूज

**बुधनी 31 जनवरी.** थोक व्यापारियों की मनमानी सामने आ रही है. आरोप है कि थोक व्यापारी बीड़ी, सिगरेट एवं पान मसाले जैसे उत्पाद प्रिंट रेट से अधिक दामों पर बेच रहे हैं, जिससे आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है. वहीं इस स्थिति को लेकर फुटकर विक्रेताओं में भी खासा असंतोष देखा जा रहा है.

एक फुटकर व्यापारी ने बताया कि कई थोक व्यापारी मनमाने दामों पर बीड़ी, सिगरेट और पान मसाले की सप्लाई कर रहे हैं. मजबूरी में फुटकर विक्रेताओं को भी महंगे दामों पर सामान खरीदना पड़ रहा है. जिसके कारण प्रतिदिन ग्राहकों से विवाद की स्थिति बन रही है. फुटकर विक्रेताओं का कहना है कि प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर सामान बेचना नियमों के विरुद्ध है, लेकिन थोक व्यापारियों की दबंगई के चलते वे चाहकर भी इसका विरोध खुलकर नहीं कर पा रहे हैं. इस अव्यवस्था का सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है. नगरवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषी थोक व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि निर्धारित मूल्य पर ही उपभोक्ताओं को सामान उपलब्ध हो सके.

विदाई समारोह | दि आक्सफोर्ड स्कूल में विदाई समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## अनुशासन और नैतिक मूल्यों से करें देश का नाम रोशन : कुरियन

नवभारत न्यूज

सीहोर 31 जनवरी. दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का 31 वां विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रिया शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन थे.



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया. तत्पश्चात वंशिका मेवाड़ा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया. अतिथियों को सम्मानित किया गया.कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, नाटक व गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. प्रिया शर्मा ने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया. एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़कर वे समाज और देश का नाम रोशन करें. प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा, आगामी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया और शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की. कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए. विद्यार्थियों ने स्टेज पर रेम्प वाक कर सबको आनंदित किया. इस मौके पर मिस्टर ऑक्सफोर्ड नीव सक्सेना, मिस ऑक्सफोर्ड स्वाति मेवाड़ा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर दुष्यंत सिंह बघेल, अचिवमेंट निशिका नाथ, बेस्ट लीडरशिप दक्ष ठकुराल, डिसिप्लिन विजय वर्मा, मेक्सिमम अटेंडेंस खुशी मेवाडा, एकेडमिक एक्सीलेंस सार्थक बसक, आलराउंडर हर्षित गौर, मिस्टर फेयरवेल मोहित वर्मा, मिस फेयरवेल अंशिका शर्मा, अर्ली बर्ड जयेश नरवारे, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस दीपाली रालयावना, कल्चरल एक्सीलेंस श्रेयांश सिंह मेवाड़ा, पंक्चुअलिटी एक्सीलेंस अक्क्षा दीप को चुनकर पुरस्कृत किया गया.

कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी, राधिका मंगरोलिया, अंजना विश्वकर्मा, भावेश परमार ने व आभार प्रदर्शन नीव सक्सेना द्वारा किया गया. प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## संत रविदास जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

**सीहोर.** संत समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक गुरू रविदास महाराज जयंती रविवार को रविदास मंदिर पर मनाई जाएगी. जिसमें गणमान्य नागरिक, व समाजजन शामिल होंगे. समिति के संरक्षक नरेन्द्र खंगराले, सन्नी जाटव, डीपी आर्य, सुनील फरेला, गंगाराम परसैया, देवेन्द्र अहिरवार, पन्नालाल खंगराले, शुभम कचनेरिया, धन्ना लाल परचोले, महेश आर्य, सत्येन्द्र मंगरोलिया, मनोज फरेला, हितेन्द्र कचनेरिया, नरेन्द्र बनवईया, कमल किशोर जाटव, राहुल कचनेरिया, कपिल पुरविया, टीटू कचनेरिया, प्रवेश परिहार, अभय अहिरवार, सचिन महोबिया, सतीश महोबिया, चद्रशेखर टिमरई ने कार्यक्रम में आने की अपील की है.